<u>शगुन प्रेस विज्ञप्ति</u>

उपहार देना हमारे समाज में सबसे बड़ी सामाजिक संपर्क और सामाजिक घटनाओं में से एक है। उपहार देने को अधिक व्यक्तिगत और समृद्ध अनुभव बनाने के लिए, एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड (एलआईसी सीएसएल) ने रुपे प्लेटफॉर्म पर आईडीबीआई बैंक के सहयोग से एक संपर्क रहित प्रीपेड गिफ्ट कार्ड-"शगुन" लॉन्च किया है। इस कार्ड का उद्देश्य भविष्य में रोकड़ मार्केट को प्लास्टिक मार्केट और ई-गिफ्ट कार्ड से बदलकर गिफ्ट कार्ड बाजार का विस्तार करना और डिजिटल इंडिया में योगदान देना है।

आईडीबीआई बैंक द्वारा संचालित एलआईसी गिफ्ट कार्ड "शगुन" को श्री एम आर कुमार, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम ने निगम के प्रबंध निदेशकों और एल.आई.सी. सी.एस.एल. के मुख्य कार्यकारी श्री राकेश शर्मा,आईडीबीआई बैंक और श्री दिलीप अस्बे, एमडी और सीईओ, एनपीसीआई सहित उनकी टीम के सदस्यों की उपस्थिति में लाँच किया ।

श्री राकेश कुमार, मुख्य कार्यकारी, एल.आई. सी. सी.एस.एल. ने शगुन गिफ्ट कार्ड की कुछ विशेषताओं को बताया -

• कार्ड उपहार देने हेतु सुसज्जित होता है और प्राप्तकर्ता के लिए व्यक्तिगत संदेशों के लिए स्थान उपलब्ध है ।

• 3 साल की वैधता के साथ, कार्ड ₹ 500 और ₹ 10,000 के बीच किसी भी राशि के लचीले लोडिंग विकल्पों के साथ आता है।

• भारत में लाखों मर्चेंट आउटलेट्स और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर व्यापक स्वीकार्यता।

• उपयोगकर्ताओं को विभिन्न व्यापारिक स्थानों पर खरीदारी करने और ऑनलाइन खरीदारी करने की स्वतंत्रता ।
• ₹ 5000 तक की खरीदारी के लिए प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल पर संपर्क रहित लेनदेन की अनुमति ।
• कार्ड सुविधा संपन्न मोबाइल ऐप 'एम-पासबुक' से ऑटो-लिंक हो जाता है, जो लेन-देन इतिहास, कार्ड बैलेंस आदि की रियल-टाइम एक्सेस देता है।
• किसी भी ग्राहक शिकायत के लिए समर्पित इन-हाउस ग्राहक सहायता टीम चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

वर्तमान में, रुपे प्लेटफॉर्म पर आईडीबीआई बैंक द्वारा संचालित एलआईसी गिफ्ट कार्ड 'शगुन' एलआईसी और उसकी सहायक कंपनियों/सहयोगियों की आंतरिक खपत के लिए शुरू किया गया है। आने वाले महीनों में, यह कार्ड उपहार देने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर जनता द्वारा खरीद के लिए उपलब्ध होगा। एलआईसी सीएसएल की योजना अपने व्यापक वितरण चैनल का उपयोग इसे सभी भौगोलिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर जनता के लिए उपलब्ध कराने की है।

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया संपर्क करें;

मुख्य कार्यकारी, एलआईसी सीएसएल
फोन: 011-28844288
ईमेल आईडी - lic-creditcard@licindia.com